**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**15.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- आज हिमाचल दिवस है–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू किन्नौर के रिकांगपिओ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में करेंगे ध्वजारोहण।

- हिमाचल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं–की उज्जवल भविष्य की कामना।

- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने महिला आरक्षण विधेयक को बताया सभी की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला ।

- प्रदेश सरकार की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप रोजगार योजना युवाओं के लिए बन रही है रोजगार का नया साधन।

**हिमाचल दिवस**

आज हिमाचल दिवस है। राज्य स्तरीय समारोह किन्नौर ज़िला मुख्यालय रिकांगपिओ में होगा, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे। इसके अलावा जिला स्तरीय समारोह भी आयोजित किए जा रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता––––––

***15 अप्रैल 1948 को 30 छोटी–बड़ी रियासतों को मिलाकर हिमाचल प्रदेश का गठन किया गया था। आज का दिन हमें उस ऐतिहासिक शुरूआत की याद दिलाता है जब बिखरी हुई पहाड़ी रिहासतों को एक प्रशासनिक ईकाई में जोड़ा गया। शुरूआत में हिमाचल को मुख्य आयुक्त प्रदेश का दर्जा मिला। बाद में 1950 में इसे पार्ट–सी स्टेट और 1956 में केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध संस्कृति, सरल जीवन शैली और वीरता के लिए प्रसिद्ध है और यही वजह है कि आज इसे देव भूमि और वीर भूमि के नाम से जाना जाता है। आज हिमाचल दिवस के पावन मौके पर ठीक 11 बजे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू राज्य स्तरीय समारोह का ध्वजा रोहण कर शुभारंभ करेंगे और परेड का निरीक्षण व मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इधर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर होने वाले ज़िला स्तरीय समारोह में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। अन्य ज़िला मुख्यालयों पर भी हिमाचल दिवस को लेकर ज़िला स्तरीय समारोह आयोजित किए जाएंगे।***

**पीएम–बधाई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के नागरिकों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह राज्य अपनी समृद्ध परंपराओं, अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत और यहां के लोगों की कड़ी मेहनत, समर्पण और विनम्रता के कारण एक विशेष पहचान रखता है।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश को देव भूमि बताया और इस विशेष अवसर पर यहां के सभी नागरिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महिला आरक्षण

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक विशेष संसदीय सत्र में पेश किया जाएगा। यह विधेयक हर राज्य, समुदाय और क्षेत्र की आकांक्षाओं को पूरा करता है। किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय हित में एकजुट होने के लिए सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण राजनीतिक मुद्दा नहीं हो सकता और इस विधेयक की प्रक्रिया में देरी नहीं की जा सकती।इधर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद ने इस विधेयक को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नारी सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाला कदम बताया है। जिससे देश की बेटियां अपना भविष्य खुद तय करेंगी।

———बाईट———रश्मिधर सूद——

***नारी केवल शक्ति का स्वरूप ही नहीं बल्कि समाज की आत्मा है। महिला नारी शक्ति महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की दिशा में एक सशक्त कदम है यह हर बेटी बहन को आत्मनिर्भर निडर बनाने का विश्वास दिलाता है। लोकतंत्र के मंदिर में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी एक अभूतपूर्व और स्वागत योग्य कदम है अब देश की बेटिया खुद तय करेगी अपना भविष्य नारी शक्ति वंदन अधिनयम महिलाओं को नरेन्द्र भाई की ओर हम महिलाओं के लिए एक सौगात है। जिन्होंने नारी शक्ति को नई दिशा दी है नारी आगे बढ़ती है तो पूरा समाज प्रगति करता है आईए हम सभी नारी शक्ति को आगे बढ़ाए।***

## राजेश धर्माणी

नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भवनों के सुनियोजित निर्माण व आवासीय कॉलोनियों के व्यवस्थित विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में एक समग्र रीजनल प्लान तैयार किया जा रहा है। इस दिशा में प्रारंभिक चरण में प्रदेश के 6 जिलों में कार्य आरंभ कर दिया गया है कल डलहौजी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस महत्वकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के प्रदेश सरकार ने इंडियन इंस्टिच्यूट ऑफ आर्किटेक्ट के साथ एक समझौता ज्ञान हस्ताक्षरित किया है।

## विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कल सरकाघाट के नैण गांव पहुंच कर दिवंगत सिया गुलेरिया के परिजनों से भेंट की उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। विक्रमादित्य सिंह ने इस घटना को दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामले की गहन जांच कर शीघ्र न्याय दिलाने के सभी आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए।

## प्रदर्शन

मंडी ज़िले के सरकाघाट में युवती हत्या मामले को लेकर प्रदेशभर में लोगों में खासा रोष है और विरोध प्रदर्शन जारी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कल नाहन में विरोध प्रदर्शन कर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए। परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनीष बिरसांटा ने आरोप लगाया कि हिमाचल में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने राज्य सरकार से महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

## ई–रिक्शा

प्रदेश सरकार की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट–अप रोजगार योजना के तहत कुल्लू जिला में ई–रिक्शा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे युवाओं के लिए तो रोजगार का नया माध्यम उभरकर सामने आया ही है साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी इसका अहम योगदान साबित होगी। अधिक ब्यौरे के साथ पेश है हमारे कुल्लू जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट –– '' ... ''

***जिला कुल्लू में ई–वाहनों को बढ़ावा देने के बाद अब ई–रिक्शा भी लोगों के लिए रोजगार का नया माध्यम बनकर उभर रहा है। ई –रिक्शा में बिजली का खर्च कम आता है, संचालन आसान है और यह पूर्णतः प्रदूषण मुक्त है, जिससे पर्यावरण को भी लाभ पहुंचता है। जो लोग पहले पेट्रोल से चलने वाला ऑटो चलाते थे, उसमें ईंधन का खर्च काफी अधिक था। ई–रिक्शा अपनाने के बाद उनका खर्च काफी कम हो गया है, जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश सरकार की "राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना" के तहत यह पहल स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ–साथ आर्थिक रूप से भी लाभकारी है। जिला में ई–वाहनों के बढ़ते उपयोग के बाद अब ई–रिक्शा के रूप में एक नया विकल्प सामने आया है, जिससे जहां लोगों को आर्थिक लाभ मिल रहा है, वहीं स्वच्छ और हरित पर्यावरण की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा "राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना" के अंतर्गत युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने एवं हरित परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। इसके तहत ई–टैक्सी के साथ–साथ अब ई–रिक्शा खरीदने पर भी 50 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। यह योजना न केवल युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है, बल्कि प्रदेश में स्वच्छ, सुलभ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को भी सुदृढ़ बना रही है।***

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 26 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह एक सौ 33वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या माई गोव ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑनलाइन सुझाव दिए जा सकते हैं। श्रोता 1 9 2 2 पर मिस्ड कॉल देकर सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

## अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने हिमाचल दिवस और सरकाघाट में हुए सिया हत्या कांड मामले सहित अन्य खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–**हिमाचल दिवस आज, 15 हस्तियां होगी सम्मानित**। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–**हिमाचल दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को किन्नौर पहुंचे सीएम**।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**शौंगटोंग–कड़छम परियोजना से हिमाचल को होगी एक हजार करोड़ की आमदनी।** दिव्य हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–**हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाएगा शौंगटौंग।**

दैनिक जागरण लिखता है–**सिया को अंतिम विदाई–आंखें नम, मन में आक्रोश।** दैनिक भास्कर का कहना है–**सरकाघाट में छात्रा की हत्या का आरोपी तीन दिन के रिमांड पर।** इसी पत्र ने मौसम की ख़बर को सुर्खी देते हुए लिखा है–**17 व 18 अप्रैल को 7 जिलों में अंधड़ के साथ बारिश का अलर्ट** जबकि अमर उजाला लिखता है– **हिमाचल में कमजोर रहेगा मॉनसून लाहौल में ज्यादा बारिश के आसार।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- आज हिमाचल दिवस है–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू किन्नौर के रिकांगपिओ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में करेंगे ध्वजारोहण।
- हिमाचल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं–की उज्जवल भविष्य की कामना।
- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने महिला आरक्षण विधेयक को बताया सभी की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला ।
- प्रदेश सरकार की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप रोजगार योजना युवाओं के लिए बन रही है रोजगार का नया साधन।

————————